राजस्थान सरकार

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पदेन सहायक कलक्टर करेडा जिला–भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी :– बन्शीधर योगी, (आर०ए०एस०)

मुकदमा संख्या :–

01. श्री सुखलाल पुत्र ऊंकार जाति कुमावत निवासी चिलेश्वर तहसिल करेडा जिला भीलवाडा (राज.) प्रार्थी......

बनाम

01. श्री सुरजमल पुत्र रूपा जाती कुमावत उम्र वयस्क निवासी चिलेश्वर तहसिल करेडा जिला भीलवाडा (राज.) विपक्षीगण......

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा०भू०रा०अधि० 1956**

**:: आदेश ::** **दिनांक** 19/3/24

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा०भू०राज०अधि० 1956 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम चिलेश्वर पटवार हल्का चिलेश्वर तहसील करेड़ा में उसके खाते/संयुक्त खातें की खाता संख्या 760 आराजी नम्बर 2724/1736, 2725/1737, 2845/1736 कुलकिता 03 रकबा 1.3026 हैक्टेयर भूमि स्थित है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण के मध्य आराजी मुतदाविया के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा सबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है। जिसमें प्रार्थी अपने खाते/ संयुक्त खातें की भूमि की पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराये जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक.............................. को पंजीबद्व किया जाकर प्रकरण को अवलोकनार्थ से यह बात सिद्व है कि वादग्रस्त भूमि प्रार्थी के खाते एंव कब्जे काश्त की होने से पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार की हैरा–फैरी होने का अदेंशा नही है तथा न किसी प्रकार अधिकार निर्धारित किये जाते है। अतः इनत तथ्यों का देखते हुये नैसर्गिक की न्यायिक सिद्वान्त के आधार पर आवेदन पत्र प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

**:: आदेश::**

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 111–128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 का स्वीकार किया जाकर ग्राम चिलेश्वर पटवार हल्का चिलेश्वर तहसील करेड़ा में स्थित खाता संख्या 760 आराजी नम्बर 2724/1736, 2725/1737, 2845/1736 कुलकिता 03 रकबा 1.3026 हैक्टेयर भूमि के चारों तरफ सीमा की पुख्ता जानकारी किये जाने हेतु पत्थरगढी किये जाने हेतु भू– अभिलेख निरीक्षक............................ को ........................ /– रुपये कमिश्नर फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस प्रार्थीगण मौके पर जमा करावे। कमिश्नर फीस जमा होने पर पक्षकारान की मौजूदगी में मौके व [illegible] स्थिति को बनायें रखते हुये मुस्तकील बिन्दु को आधार मानकर पत्थरगढी की जावें। फसल खडी [illegible] पर [illegible]रगढी नही की जावे।

संलग्नः– प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपी

Signature Not Verified
Digitally signed by Banshi Dhar Yogi
Date: 2024.04.05 15:41:51 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
करेड़ा, जिला– भीलवाड़ा

प्रतिलिपि :– तहसीलदार करेड़ा को भेजकर लेख है कि प्रार्थी द्वारा राशि जमा कराने पर नियमानुसार पत्थरगढी की जाकर पालना रिपोर्ट 07 दिवस में प्रस्तुत करे।

उपखण्ड अधिकारी
करेड़ा, जिला– भीलवाड़ा